हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]




तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024

10 समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू होगी कल से



10 संवेदनशीलता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करें : कलेक्टर





# वायु प्रदूषण मापक यंत्र की स्थापना 4 वर्ष से ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वायु प्रदूषण के स्तर को मापने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 4 वर्ष पूर्व संभागीय मुख्यालय में 2 एवं दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में एक स्थानों पर प्रदूषण मापक यंत्र लगाए जाना था। इस यंत्र के लिए केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के मंत्रालय दिल्ली से स्वीकृति नहीं मिल पाई, जिससे यंत्र 4 वर्ष से ठंडे बस्ते में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग के किसी भी जिले में वायु प्रदूषण मापने का यंत्र नहीं लगा होने से यह पता नहीं चल पाता कि वायु से कितना प्रदूषण हो रहा है। इसके लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस बार एक नई व्यवस्था की जा रही है। इस पर क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय के अधिकारी ने 4 वर्ष पूर्व वायु प्रदूषण मापने के लिए शहर के इंद्रावती टायगर रिजर्व कार्यालय परिसर, क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय परिसर एवं दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के नगर पालिका कार्यालय परिसर में प्रदूषण मापक यंत्र लगाने का चयन किया है।

इस यंत्र की स्थापना के लिए केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के मंत्रालय दिल्ली से अब तक स्वीकृति नहीं दिया और न ही इसकी स्थापना के लिए फंड भी नहीं दिया गया। वहीं यंत्र लगाने के बाद से प्रदूषण विभाग के अधिकारी वायु प्रदूषण के आंकड़ों की लगातार मॉनिटरिंग करते रहेंगे। इस दौरान रियल टाइम मॉनिटरिंग स्टेशनों पर लगातार प्राप्त होने वाले आंकड़ों का भी अध्ययन किया जाएगा। इसमें यदि आंकड़े कम रहते हैं तो इन्हें और कम कैसे कर सकते हैं इस पर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि इस यंत्र के एलसीडी में 24 घंटे प्रदूषण माप दिखेगी, जिसे कोई भी देख सकता है।

**खास बातें**

- यंत्र पर केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के मंत्रालय ने नहीं दी स्वीकृति
- यंत्र के लिए शहर में 2, दंतेवाड़ा में भी स्थान चयनित




### प्रस्ताव की नहीं मिली स्वीकृति

पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी एस पिस्दा ने इस संबंध में कहा कि प्रदूषण मापक यंत्र लगाने के लिए स्थान का चयन किया गया। इसके लिए केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है, इसकी स्वीकृति अब तक नहीं मिली है।

## खबर संक्षेप

### विस्फोटक और सामग्री के साथ पकड़े गए 3 मिलिशिया सदस्य



**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत सोमवार को थाना नैमेड़ के बल ने राणापारा के जंगल से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, विस्फोटक के साथ तीन माओवादी मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा है। माओवादी सोनू ओयाम पिता बुधरू उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी कैका, सन्नू लेकाम पिता पाण्डू उम्र 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी कैका और मांडो ऊर्फ मांडू हपका पिता स्व. मासा उम्र 48 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांडका पकड़े गए। इन माओवादियों के विरूद्ध थाना नैमेड़ में वैधानिक कार्रवाई उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

### देवउठनी एकादशी धूमधाम से मनी, हुआ तुलसी विवाह



**जगदलपुर।** देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह का पर्व पर गोल बाजार एवं संजय बाजार सहित शहर के चौक-चौराहों में गन्ने की बिक्री हुई। बाजार में गन्ना 20 से 100 रुपए जोड़ी के भाव से बिका। दिवाली पर्व मनाने के बाद देवउठनी पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। शुभ लग्न के लिए यह पर्व महत्वपूर्ण है, इस दिन का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। देवउठनी पर्व के चलते शहर समेत ग्रामीण अंचलों में लोगों में उत्साह है। शहर के भंगाराम चौक, सिरहासार चौक, संजय बाजार, कुम्हारपारा, लालबाग मार्ग सहित अन्य स्थानों पर गन्ना बिका।

### पेट्रोल मांगने की बात पर युवक ने कर दी पिटाई

**कांकेर।** पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंची पीव्ही 8 चाण्क्यपुरी निवासी संजिता राय पति स्व. अनाथ बन्धु राय ने पुलिस को बताया कि 8 नवंबर को शाम करीबन साढ़े 5 बजे आरोपी पीव्ही 8 निवासी 55 वर्षीय संजित मण्डल पिता देवेन्द्र मण्डल हमारे घर के सामने आकर बोला कि पेट्रोल कितने रूपए में देते हो। तब वह बोली की मुझे मालूम नहीं, बेटा को पूछने पर दूंगी। आरोपी ने मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मेरे दांए हाथ में जोर से मारा और वहां से चला गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खुलासा: पीडीएस का चावल पकड़े जाने से प्रशासन अलर्ट

# जिले की अन्य राइस मिलों की भी हो सकती है जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

हरिभूमि फॉलोअप

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल की अफरा तफरी में संलिप्त बड़े इंटर स्टेट नेटवर्क का खुलासा होने के बाद अब जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। 14 नवंबर से शुरू हो रही धान खरीदी पर भी पैनी नजर रखने की तैयारी कर ली गई है। वहीं बकावंड तहसील के छोटे देवड़ा स्थित नारायण राइस मिल से चावल की बड़ी खेप बरामद होने के बाद बस्तर जिले की अन्य राइस मिलों की भी जांच हो सकती है।

- अफरा तफरी करने वाला बड़ा गिरोह सुकमा दंतेवाड़ा, बीजापुर जिले में सक्रिय

प्रशासन, खाद्य विभाग और पुलिस की टीम ने रविवार को छापा मारकर 1500 बोरी से भी ज्यादा चावल बरामद किया था। यह चावल आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा की राइस मिल से तीन ट्रकों पर लोड होकर यहां पहुंचा था। चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है, ऐसा बताया जा रहा है। मगर जिन ट्रकों से चावल को अनलोड होते हुए पकड़ा गया है, वे तीनों ट्रक जगदलपुर पासिंग हैं। इससे इस बात को बल मिलता है कि यहां से पीडीएस के चावल की अफरा तफरी कर पहले आंध्रप्रदेश भेजा जाता है। जहां उसकी रिपेकिंग होती है, फिर उसके बाद उन्हीं ट्रकों के जरिए उस चावल को आंध्रप्रदेश की राइस मिलों का लेबल लगाकर वापस यहां भेज दिया जाता है। इस चावल को यहां के मिलर्स छत्तीसगढ़ स्टेट नागरिक आपूर्ति निगम के हवाले कर मिलिंग का पैसा कमा लेते हैं। छग शासन द्वारा दिए मिलिंग के लिए दिए गए उत्कृष्ट किस्म के धान को निज हित या व्यापार में इस्तेमाल करते हैं।

यह एक बड़ा फर्जीवाड़ा है और इसकी जड़ें पूरे छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र तक फैली हुई हैं। ये चारों राज्य बस्तर संभाग की सरहद से लगे हुए हैं और इन राज्यों तक चावल, धान आदि के परिवहन में ज्यादा दिक्कत भी नहीं होती है। खबर है कि बस्तर संभाग की कई अन्य राइस मिलों में भी छत्तीसगढ़ और दीगर प्रांतों की पीडीएस का चावल बड़े पैमाने पर खपाया जाता है। दूसरे राज्यों से आए चावल को मिलर्स बाद में वेयर हाउस में जमा कराते हैं।



### चावल छत्तीसगढ़ पीडीएस का था ?

खबर है कि बड़े देवड़ा की राइस मिल से बरामद किया गया चावल छत्तीसगढ़ पीडीएस का है और उसकी बस्तर के सुकमा, बीजापुर जिले से अफरा तफरी की गई थी। सुकमा जिले में कई महीनों का चावल गरीबों को न वितरित कर उसे जंगल के रास्ते आंध्रप्रदेश भेजा गया था। फिर वहां से रिपेक कर फर्जी बिल के माध्यम से बस्तर की राइस मिलों तक पहुंचाया गया था। पीडीएस के चावल की अफरा तफरी करने वाला बड़ा गिरोह सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर जिलों में सक्रिय है।

## सड़क दुर्घटना : तीन मौतों से परिवार में छाया मातम

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में पति, पत्नि व बच्चे की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंगलवार देर शाम कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आमागुड़ा चौक में हुए सड़क हादसे में दंपति व मासूम बच्चे की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब परिवार अपनी बाइक से गृहग्राम ओडिशा जा रहा था। तभी हाईवे में रायपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में पति व पत्नि की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर बच्चे ने उपचार के दौरान महारानी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

- कोतवाली थाना क्षेत्र के आमागुड़ा चौक में हुआ हादसा
- मृतक परिवार ओडिशा से जगदलपुर ससुराल आया था

जानकारी के मुताबिक ओडिशा के चांदली ग्राम निवासी गुरूबंधु मांझी 40 वर्ष अपनी पत्नी अनिता मांझी 35 व पुत्र श्रीनाथ मांझी 12 वर्ष के साथ जगदलपुर ससुराल आया हुआ था। परिवार के सभी सदस्य शाम को घाटलोंहगा स्थित बस्तर हाट घूमने के लिए गए हुए थे। बस्तर हाट से वापसी के दौरान परिवार के अन्य सदस्य दूसरे वाहनों से आमागुड़ा चौक पहले पहुंचकर बाइक में आ रहे पति पत्नी व बच्चे का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार गुरूबंधु व अनिता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर श्रीनाथ को तत्काल मौके पर मौजूद लोगों द्वारा महारानी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहीं ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बुधवार को पीएम के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।







### परिजनों के सामने ही तीन लोगों की गई जान

जिस समय हादसा हुआ परिवार के अन्य सदस्य आमागुड़ा चौक में ही उनका इंतजार कर रहे थे। लेकिन नियती को कुछ और ही मजूंर था। परिवार के सदस्यों के सामने ही परिवार के दामाद के अलावा बेटी व भांजे की मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही ओडिशा में मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ व क्षेत्र में मातम छा गया।

# जमीन विवाद के चलते सीने में चाकू मारने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के धुरागांव में जमीन विवाद के चलते आरोपी ने ग्रामीण युवक के सीने में चाकू घोंप दिया था। गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार किया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। जिसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था।

- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गणेश राम यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। डाक्टर के रिपोर्ट के बाद थाना लोहण्डीगुड़ा में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (2) 118 (1),109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर टीम फरार आरोपी की तलाश कर रही थी। घटना की जानकारी देते हुए निरीक्षक गणेशराम यादव ने बताया कि 12 सितम्बर 2024 की शाम घायल रमेश नाग पिता लखुराम नाग 30 वर्ष निवासी धुरागांव पटेलपारा थाना लोहण्डीगुडा गांव के दुकान से बल्ब खरीद कर अपने भाई प्रार्थी दुबेश नाग तथा अपने पुत्र सागर नाग के साथ पैदल वापस अपने घर लौट रहा था तभी आरोपी अस्तु कश्यप उर्फ अस्तुराम कश्यप 55 वर्ष निवासी धुरागांव पटेलपारा द्वारा जमीन विवाद की बात को लेकर रमेश नाग को अश्लील गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देते अपने पास रखे चाकू से रमेश नाग के छाती में मारकर चोट पहुंचाकर भाग गया।



# अखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा में चेन्नई पुलिस व केरला की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के छठवें दिन दो मैच खेला गया। दोनों ही मैच एकतरफा साबित हुआ जिसमें चेन्नई पुलिस ने तमिलनाडू को 4 गोल से तथा एसएटी केरला ने बड़वानी मध्यप्रदेश की टीम को 3 गोल से हराया।

- आज छग फुटबाल क्लब विरूध एसएटी केरला के मध्य मुकाबला

मंगलवार को चेन्नई पुलिस विरूद्ध तमिलनाडू के बीच खेले गए पहले मैच में चेन्नई की टीम आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक चार गोल दागने में सफल रही। चेन्नई की ओर से जर्सी नम्बर 25 वल्लारासु ने मैच के 13 वें व 33 वें मिनट में दो गोल किया वहीं जर्सी नम्बर 8 रमेश ने मैच के 56 वें व 67 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दो गोल किया। इसके जवाब में तमिलनाडू के खिलाड़ी निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस मैच में मुख्य निर्णायक विजय आनंद के अलावा उमाशंकर दीपक, नितेश एक्का व दीपक डहरिया रहे।

वहीं स्पर्धा का दूसरा मैच बड़वानी एमपी विरूध एसएटी केरला के मध्य खेला गया यह मुकाबला भी एकतरफा साबित हुआ। इस मुकाबले में केरला के जर्सी नम्बर 32 यासिन ने मैच के 5 वें मिनट में पहला गोल किया वहीं जर्सी नम्बर 16 ईमरान ने मैच के 53 वें व 72 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दो गोल किए। इस मुकाबले में केरला की टीम ने 3 गोल से जीत दर्ज की। इस मैच में मुख्य निर्णायक विशाल के अलावा विक्टर, प्रफल्ल कुमार व रायसिंग करेंगा रहे।



### आज छग फुटबाल क्लब विरूध एसएटी केरला के मध्य मुकाबला

मैच कमिश्नर विश्वजीत भट्टाचार्य ने बताया कि स्पर्धा के सातवें दिन एक ही मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला छग फुटबाल क्लब विरूध एसएटी केरला के मध्य होगा।

# उपकेन्द्र नहीं होने से 12 गांव के ग्रामीण तेलंगाना की ले रहे बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी के ठेकेदार डेढ़ वर्ष पूर्व बस्तर संभाग के सुकमा जिले के बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने बोर खुदवाया पर साफ-सफाई के दौरान की नक्सलियों के मारपीट से शुरू नहीं हो पाया। उपकेन्द्र नहीं होने से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव के ग्रामीण सीमावर्ती राज्य तेलंगाना की बिजली का उपयोग कर रहे हैं। उपकेन्द्र के लिए जमीन को समतल करने के लिए कर्मचारी पहुंचे तो नक्सलियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट किया, ठेकेदार ने पुलिस थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। उसके बाद से यहां उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं पाया। कंपनी ने प्रयास किया कि वे उपकेन्द्र निर्माण के लिए दूसरी जगह जमीन चिन्हित करें, लेकिन जमीन नहीं मिल सकी।

- दहशत के चलते ठेकेदार बंडा में नहीं बना पा रहा उपकेन्द्र



### प्रयास किया जा रहा

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि बंडा में उपकेन्द्र निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि इसके लिए दूसरा स्थल नहीं मिल पा रहा है।

## ग्रामीणों से मूलभूत सुविधाओं पर की चर्चा

# दूरस्थ ग्राम कुडूम खोदरा बाइक व पैदल पहुंचे डीएफओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के दूरस्थ गांव कुडूम खोदरा पहुंचे। उन्हें मोटर सायकिल एवं पैदल चलना पड़ा।

- सड़क के लिए एनओसी जारी करने दी सहमति

अधिकारी के पहुंचते ही ग्रामीणों ने समस्याओं की झड़ी लगा दी। ग्रामीणों ने कहा कि गांव तक जाने के लिए सड़क नहीं होने से लोग परेशान हैं।

डीएफओ बिसपुर से लगभग 6.50 किमी बाइक पर और पैदल चलकर पहाड़ियों के बीच स्थित कुडूम खोदरा गांव पहुंचे। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को वनों के संरक्षण और वन्य जीवों के शिकार की रोकथाम करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान उनके साथ उप वन मण्डलाधिकारी चित्रकोट योगेश कुमार रात्रे, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बिसपुर सुकराम नाग और परिसर रक्षक दीपक कश्यप मौजूद रहे।



### विकास मुख्य उद्देश्य : डीएफओ

डीएफओ ने बताया कि ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने सभी समस्याओं का समाधान करने और उसके उपाय बताए, इससे सभी ग्रामीण प्रभावित हुए ग्रामीण अपनी समस्या, जंगलों की कटाई या लकड़ी तस्करी आदि की जानकारी दें, इसका समाधान अविलम्ब किया जाएगा।

### पीएमजीएसवाय सड़क के लिए एनओसी पर दी सहमति

गांव पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले पहुंच मार्ग उन्नयन कार्य के लिए पीएमजीएसवाय से प्राप्त आवेदन के लिए एनओसी जारी करने के लिए अपनी सहमति दी। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उनके रोजगार उपलब्धता वनोपज संग्रहण और विक्रय, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 से 12 दिसंबर तक

दंतेवाड़ा। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 से 12 दिसंबर तक जिला रायगढ़ में आयोजित है। अतः जिले के समस्त अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है, कि शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निःशुल्क जिला रायगढ़ जाने हेतु वाहन व्यवस्था कार्यालय के द्वारा किया जावेगा। अतः लिखित परीक्षा उत्तीर्ण छात्र, अभ्यर्थी 25 नवम्बर के पूर्व कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करावें।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन



भोंड। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में आयोजित अंतर-महाविद्यालय सेक्टर स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता के लिए मां गंगाई शासकीय महाविद्यालय बस्तर की क्रिकेट टीम का चयन हुआ है, टीम के खिलाड़ी केदार कश्यप (कप्तान) कमलेश ठाकुर (उप-कप्तान) हर्षित कश्यप, महेन्द्र सेठिया, चन्द्रभान ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर (विकेटकीपर) ओम कुमार, लूकेश्वर, कृष्णा, हरिराम, यतिश, खेमेन्द्र, ईशांत नाग एवं टीम मैनेजर अभिषेक बिसाई और क्रीड़ा अधिकारी विजय बोरकर है। अंतर-महाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता 13 नवंबर से सिंगारभाटा क्रिकेट स्टेडियम कांकेर मे खेली जायेगी जिसमें संभाग की कुल 12 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में बस्तर महाविद्यालय अपना पहला मैच जंवागा महाविद्यालय से खेलेगी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 16 नवंबर को खेला जायेगा जिसके बाद राज्य स्तरीय महाविद्यालीन क्रिकेट पुरुष टीम का चयन होगा।

### जगन्नाथ मंदिर में तुलसी विवाह आज

जगदलपुर। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर



खंबारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों की उपस्थिति में बुधवार को शुभ मुहूर्त में भगवान शालीग्राम का श्रीशुभ तुलसी विवाह संपन्न किया जायेगा। परंपरानुसार भगवान शालीग्राम की बरात श्रीजगन्नाथ मंदिर से डोली-पालकी में निकाली जाकर रथ परिक्रमा स्थल गोलबाजार चौक, दंतेश्वरी मंदिर चौक से होकर वापस जगन्नाथ मंदिर पंहुचकर परंपरानुसार पाणिग्रहण संपन्न होगा, इस शुभ अवसर पर समस्त श्रद्धालु भगवान शालीग्राम-श्रीशुभ तुलसी के विवाह में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर 12 नवंबर को रियासत कालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दीपाराधना के साथ ही गन्ने व कंद का अर्पण किया।

तैयारी : जिले के कुल 79 धान उपार्जन केन्द्रों में होगी 31 जनवरी तक

# समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू होगी कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर है। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 14 नवम्बर से 31 जनवरी तक किया जाना है। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन में धान खरीदी के लिए तैयारी जारी है। जिला स्तरीय अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर ने धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने देने के निर्देश दिए हैं। धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाइस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा उन्होंने आद्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने कहा। उन्होंने खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की दर सूची फ्लैक्स लगाने कहा है। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों को ऑफलाईन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाईल एप से ऑनलाईन टोकन लेने कहा।

उल्लेखनीय है कि बस्तर जिले में 79 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से खरीदी की जाएगी है। खरीदी केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा लगभग 11853 गठान बारदाना प्रदाय किया गया है। जिले में अब तक कुल पंजीकृत किसान 53034 है जिसमें नए पंजीकृत किसान 2408 है। जिले में धान खरीदी के लिए किसानों में बहुत उत्साह है। नए किसानों ने समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए पंजीयन करवाने की बात कहते हुए सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी करने से किसानों में खुशी है।

## जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह एवं खुशी का माहौल

### विशेष जांच दल का गठन

कलेक्टर ने किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि के दौरान सीमावर्ती राज्यों से अवांछित व्यक्तियों के द्वारा धान लाकर खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में खपाने बेचने का प्रयास करने वालों तथा ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में कोचियों एवं बिचैलियों के द्वारा चिल्हर रूप धान की खरीदी कर समिति पंजीकृत किसान के रकबे में बेचने का प्रयास करने वालों खिलाफ कार्यवाही हेतु जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अवैध धान की आवक पर रोक लगाने एवं धान खरीदी केन्द्रों में पर्यवेक्षण एवं निगरानी हेतु विकासखण्डवार तहसीलदारों के नेतृत्व में उड़नदस्ता-विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

**खास बातें**

- कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की लगाई ड्यूटी
- सीमावर्ती राज्य के समीप खरीदी केंद्रों के पर्यवेक्षण एवं निगरानी हेतु उडनदस्ता-विशेष जांच दल का गठन



### बगैर दस्तावेज के धान के परिवहन पर होगी कार्रवाई

धान उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से अवैध रुप से धान लाकर सीमावर्ती धान खरीदी केन्द्रों में विक्रय करने की आशंका रहती है। अतः शासन के निर्देशानुसार जिले के सीमावर्ती जांच नाको में अवैध धान के आवक पर विशेष निगरानी रखने हेतु जांच नाका धनपुंजी, भेजापदर, कोलावल, बदलावंड, पोटियावंड, नलपावन्ड और तारापुर में अधिकारी - कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। जिसमें सीमावर्ती राज्य से अवैध रुप से बगैर दस्तावेज के धान के परिवहन होने पर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पंजी संधारित कर निश्चित रुप से प्रविष्टि की कार्यवाही करेंगे।

### नोडल अधिकारी के निगरानी में धान खरीदी

कलेक्टर ने जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिन खरीदी केंद्रों में 1 प्रतिशत से अधिक कमी वाले खरीदी केंद्रों को संवेदनशील खरीदी केंद्र माना गया है। ऐसे 11 खरीदी केंद्र को चिन्हांकित किया गया है। साथ ही सुचारू रूप से धान खरीदी एवं निराकरण हेतु इन खरीदी केंद्रों में विशेष निगरानी के लिए नोडल अधिकारी के निगरानी में धान खरीदी कार्य किया जाएगा, केंद्रों में धान के सुरक्षित रख रखाव के लिए चबूतरे का समुचित उपयोग, ड्रेनेज तथा तारपोलिन की पर्याप्त व्यवस्था किया गया है। इन खरीदी केंद्रों से धान का निराकरण और परिवहन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। संवेदनशील खरीदी केंद्रों में शनिवार- रविवार को धान की भौतिक स्टॉक का सत्यापन अनिवार्य किया जाने का निर्देश दिया गया है।

# भ्रष्टाचार और लापरवाही का अड्डा बनाने वाले अधिकारियों पर शासन-प्रशासन मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

करोड़ो के भ्रष्टाचार और गंभीर लापरवाही से लोगों के आंखों की रौशनी छिनने वाले जिला अस्पताल के भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों पर शासन प्रशासन की मेहरबानी साफ नजर आती है। इतने बड़ी लापरवाही और करोड़ो के वित्तीय

- छोटे कर्मचारियों को बना रहे बली का बकरा : तुलिका



अनियमितताओं के उजागर होने के बावजूद केवल छोटे कर्मचारियों को बली का बकरा बनाया गया जबकि बड़े अधिकारियों पर अब तक कोई कार्यवाही नही की जा रही।

जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बीमार अस्पताल के अधिकारी अपनी लापरवाही और करोड़ो के घोटाले कर के भी बेफिक्र नजर आते है वहीं दूसरी ओर छोटे और मासूम कर्मचारियों को फंसाकर उन्हें दंडित किया जा रहा है। मोतियाबिंद कांड में नेत्र चिकित्सक पर दबाव बनाकर टारगेट पूरा करने अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों को ताक में रखकर बड़े तादाद में ऑपरेशन करवाया और जब लोगों के आंखों में संक्रमण की बात आई तो नेत्र रोग विशेषज्ञ और कर्मचारियों के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही कर दी गई वहीं दूसरे एचआईवी नेगेटिव की रिपोर्ट वाले मामले में भी जिम्मेदार अधिकारियों को क्लीनचिट देकर केवल रजिस्टर में रिपोर्ट लिखने वालो को दोषी करार दे दिया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी ड्रग एन्ड कंज्युमेबल मद मामले में कलेक्टर के अनुमोदन के बिना 3 करोड़ 48 लाख रुपये का डाका डालने वाले अधिकारियों पर भी शासन प्रशासन मौन है केवल जांच का झुनझुना बजा रहा है। इतनी बड़ी लापरवाही और करोड़ों की वित्तीय घोटाले कर लगातार दंतेवाड़ा जिले को बदनाम कर रहे जिला अस्पताल के उच्चाधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजने की आवश्यकता है। तुलिका ने चेतावनी देते कहा कि यदि शासन प्रशासन जल्द ही इन मामलों में निर्दोषों को बहाल और असल दोषी अधिकारियों को आरोपी नही बनाया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

# शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी देवउठनी एकादशी को तुलसी शालिगराम विवाह धूमधाम से किया गया। सभी भैया बहन व आचार्य साथ ही समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, सह सचिव सुरेश जयसिंघानी की उपस्थिति में विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की गई भजन कीर्तन रामायण पाठ हवन उपरांत माता तुलसी व विष्णु जी की आरती की गई। भैया बहनों ने आतिशबाजी कर और इस पूजा को रोचक बना दिया पूजा के बाद सभी भैया बहन प्रसाद प्राप्त कर अध्ययन हेतु अपने कक्षा में गए। माता तुलसी एवं देवउठनी एकादशी की कथा विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने सुनाया। माता तुलसी का नाम वृंदा था जो राक्षसकुल में जालंधर के साथ विवाह हुआ। भगवान विष्णु ने जालंधर का संहार किया। वृंदा ने भगवान विष्णु को पत्थर होने का श्राप दिया भगवान विष्णु ने स्वीकार कर वृंदा से क्षमा याचना की। वृंदा अपने पति जालंधर के सर को गोद में लेकर जलकर भस्म हो गई। इस भस्म से जो पौधा उत्पन्न हुआ उसका नाम तुलसी रखा गया। भगवान विष्णु ने कहा अब से मेरे भोग में तुलसी डालनी होगी। बिना तुलसी के मुझे भोग स्वीकार नहीं होगा। शालिग्राम के रूप में तुलसी को भगवान विष्णु ने स्वीकार किया। जिस घर में तुलसी का पौधा लगा हो वहां का वातावरण शुद्ध होगा नकारात्मक शक्ति का प्रवेश नहीं होगा। नियमित तुलसी पत्ती खाने से कई रोगों से मुक्ति मिलती है। ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करते हुए भैया बहन व दीदीयो ने तुलसी की परिक्रमा की।

# संवेदनशीलता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक में जिले के विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और अन्य

- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश



कल्याणकारी योजनाओं में सुधार लाने के साथ-साथ नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड निरीक्षण पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने बताया कि 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा और इस कार्यक्रम की व्यापक तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, एसडीएम, तहसीलदार सहित विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि जिले की आम जनता को संवेदनशीलता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। इस दिशा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार सहित बेहतर सेवाएं देने प्रयास करें। एनीमिया से पीड़ित महिलाओं का नियमित इलाज सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित किया जाए और गर्भवती महिलाओं हेतु निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मलेरिया नियंत्रण हेतु मलेरिया पॉजिटिव क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष उपाय किए जाएं। स्वास्थ्य केंद्रों की नियमित कार्यप्रणाली बनाए रखने और स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### पोषण आहार की नियमित आपूर्ति हो

कलेक्टर ने जिले में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण को प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए पोषण आहार की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने जिले के स्कूलों में स्मार्ट क्लास और लैब का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए ताकि छात्रों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में असंगठित कर्मकार छात्रवृत्ति योजना और पीएम सूर्यघर योजना, नशामुक्त भारत अभियान और पालन योजना, जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों से योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन करने के साथ ही नियमित तौर पर क्षेत्र भ्रमण कर जनहित में तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिए।

# अच्छी कार्य शैली, उपलब्धि के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा/गीदम

महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर द्वारा जारी निर्देशानुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम में 11 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सेक्टर से एक एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एक एक आंगनबाड़ी सहायिका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के अच्छे कार्य उनके बेहतर कार्य शैली व उपलब्धि के लिए दिया गया। ज्ञात हो कि शासन ने 14 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान दिवस आयोजित किये जाने के लिए सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया था। यह सम्मान पंचायत स्तर पर एक कार्यकर्ता और एक सहायिका को, परियोजना स्तर पर प्रत्येक सेक्टर से एक कार्यकर्ता व एक सहायिका को तथा जिला स्तर पर सभी परियोजना से एक एक कार्यकर्ता व एक एक सहायिका को सम्मान दिया जाएगा।

एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम में आयोजित सम्मान समारोह में परियोजना के सभी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी तथा मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष गीदम सुश्री अन्ति वेक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, जगदलपुर श्री सुधाकर बोदेले महिला एवं बाल विकास विभाग उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत अध्यक्ष अन्ति वेक द्वारा सभी कार्यकर्ता को भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए, सभी बच्चों, महिलाओं को स्वस्थ रखने के लिए तथा जिले का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी गई। सहायक संचालक सुधाकर बोदेले, द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण परामर्श, प्रारंभिक बाल्यावस्था व देखरेख के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही सभी को भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन रक्षा मिश्रा एवं अनामिका परिहार व स्वागत रेणु चिवतोडे पर्यवेक्षक द्वारा किया गया तथा समापन की घोषणा रामबाई नेताम पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।




# बस्तर ओलंपिक खेल से खिलाड़ियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

उसूर ब्लॉक के कोरसागुड़ा निवासी खिलाड़ी अंकिता ताती ने बताया कि उसूर ब्लॉक जिले के अतिसंवेदनशील ब्लॉक में शामिल

- अंकिता ताती ने मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद



है। बस्तर ओलंपिक के आयोजन को लेकर अंदरुनी क्षेत्रों के खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। बीजापुर खेल के क्षेत्र में काफी मुकाम हासिल कर चुका है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिभा बीजापुर में है। ग्रामीण क्षेत्रों के छुपे हुए खिलाड़ियों की प्रतिभा बस्तर ओलंपिक के माध्यम से निखकर बाहर आ रही है। अंकिता ने बताया कि कोरसागुड़ा में पहले सड़क, बिजली, पानी की समस्याएं थी जो अब विकास की रफ्तार पकड़ ली है। वर्तमान में कोरसागुड़ा में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी प्रकार की बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सोच और पहल से बीजापुर के अंदरुनी क्षेत्रों में विकास की बयार बह रही है। बीजापुर वासी होने के नाते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देती हूं।



